# सुरभि

## वार्षिक पत्रिका

वर्ष 2024–2025






# शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)




N.R.M. GIRLS COLLEGE DHAMTARI
DEPARTMENT OF
Newton Laws of Motion


GOVT. N.R.M. GIRLS COLLEGE DHAMTARI
DEPARTMENT OF
SPORTS


Govt. Narayan Rao Meghawale Girls College
Dhamtari Chhattisgarh
Organized By : Department Of Sports
22 March 2025
Saturday
One Day Workshop on
CAREER OPPORTUNITY IN SPORTS FOR
GOVT. N.R.M. GIRLS COLLEGE DHAM
DEPARTMENT OF
SP RTS


COMMERCE


शासकीय नारायण राव मेघावाले
कन्या महाविद्यालय, धमतरी
राजनीति विज्ञान विभाग





# अनुक्रमणिका


| क्र. | विवरण | नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | शुभकामना संदेश | श्री विजय देवांगन | 1 |
| 2. | शुभकामना संदेश | सुश्री नम्रता गांधी | 2 |
| 3. | शुभकामना संदेश | श्री जी. आर.मरकाम | 3 |
| 4. | शुभकामना संदेश | श्रीमती दमयंतिन साहू | 4 |
| 5. | प्राचार्य के कलम से | ड़ॉ अनीता राजपुरिया | 5 |
| 6. | संपादकीय | ड़ॉ रोहणी मरकाम | 6 |
| 7. | संकलित लेख | ड़ॉ रोहणी मरकाम | 7 |
| 8. | छत्तीसगढ़ की छत्तीस भाजियां | श्री ओ.पी.चंदे, बीएसी II की समस्त छात्रायें | 8-9 |
| 9. | तेल मे तलने से होता है कमाल स्वाद मे आता है जबरदस्त उछाल। | श्री मधु माधव देव | 10 |
| 10. | अर्थशास्त्र मे नोबेल पुरस्कार | श्रीमती दामिनी ठाकुर | 11 |
| 11. | आदित्य L1 मिशन | श्री पोखराज साहू | 12-13 |
| 12. | छत्तीसगढ़ के पाणिनी "हीरालाल काव्यो पाध्याय | सुश्री तीजन साहू | 14 |
| 13. | समय | हुलसी साहू | 15 |
| 14. | चलो आगे बढ़े | मिनाक्षी यादव | 15 |
| 15. | एक राष्ट्र एक भाषा | पम्मी यादव | 15 |
| 16. | उद्गम स्थल | निशा रानी | 16 |
| 17. | पहेलियां | निकिता गुप्ता | 16 |
| 18. | हौसलो की उड़ान | भोजेश्वरी साहू | 17 |
| 19. | जीत पक्की है | प्रतिभा | 17 |
| 20. | मुठ्ठी भर सपने | तनुजा निषाद | 18 |
| 21. | अब तो मचा है हा–हा कार | प्रेमलता साहू | 18 |
| 22. | मैडम मैरी क्यूरी | अंजू साहू | 19 |
| 23. | तारा निर्माण | गंगा | 19 |
| 24. | अंधेरा है हर रास्ते में | मेनका निषाद | 20 |
| 25. | पता नही कब निकलेगा तीर कमान से | प्रिया साहू | 20 |
| 26. | समय की कीमत | प्रतिभा चंद्रवंशी | 20 |
| 27. | पानी बचाओं | मेघा साहू | 21 |
| 28. | भारत की बेटियां | श्रद्धा साहू | 21 |
| 29 | पहेलियां | जागृति साहू | 22 |
| 30. | हम बच्चे | निकिता सिन्हा | 23 |
| 31. | मेरी अभिलाषा | प्रीति साहू | 23 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | वार्षिक प्रतिवेदन | | |
| I | हिन्दी विभाग | सुश्री तीजन | 24-25 |
| II | भूगोल विभाग | डॉ.डी.आर चौधरी | 26 |
| III | राजनीति विज्ञान विभाग | डॉ. रोहणी मरकाम | 27-28 |
| IV | समाज शास्त्र | डॉ. जे.एल.पाटले | 29-30 |
| V | इतिहास विभाग | श्री सतीश साहू | 31 |
| VI | अर्थशास्त्र विभाग | श्रीमती दामिनि ठाकुर | 32 |
| VII | वनस्पति शास्त्र विभाग | श्री ओ.पी.चंदे | 33-34 |
| VIII | प्राणीशास्त्र विभाग | श्री मधुमाधव देव | 35 |
| IX | रसायनशास्त्र विभाग | श्री आकाश साहू | 36 |
| X | गणित विभाग | श्रीराजेश कुमार जांगड़े | 37 |
| XI | भौतिक शास्त्र विभाग | श्री पोखराज साहू | 38 |
| XII | वाणिज्य विभाग | श्री हुकेश मारकण्डेय | 39 |
| XIII | कम्प्यूटर एप्लिकेशन | पूर्णिमा साहू | 40 |
| XIV | ग्रंथालय | श्री नरेन्द्र कुमार | 41-42 |
| XV | क्रीडा विभाग | डॉ. चंद्रशेखर बांधे | 43 |
| XVI | एन एस एस प्रतिवेदन | सुश्री रोली जांगडे | 44-45 |
| XVII | रेड क्रास | डॉ.चन्द्रशेखर बांधे | 46 |
| XVIII | स्वीप | श्रीमती दामिनी ठाकुर | 47 |
| XIX | युवा उत्सव | सुश्री रोली जांगडे | 48 |
| 3.3 | शैक्षिणेत्तर गतिविधि | | 49 |
| 3.4 | महाविद्यालय के अधिकारी एंव कर्मचारियो की सूची | | 53 |
| 3.5 | विभिन्न सकाय मे वर्गवार छात्राओं की सूची | | 54 |
| 3.6 | समितियों का गठन | | 55-58 |

## // शुभकामना संदेश //



अत्यंत हर्ष का विषय है कि शासकीय एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय धमतरी में वार्षिक पत्रिका सुरभि का 12वां अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। महाविद्यालय में संचालित शैक्षिक एवं शैक्षणेत्तर कार्यकलापों से छात्राओं का चहुंमुखी विकास होता है और इन्ही गतिविधियों से सम्बंधित जानकारियों का समावेश वार्षिक पत्रिका सुरभि में किया जायेगा।

सुरभि के माध्यम से छात्राओं एवं प्राध्यापकों के रचनात्मक एवं अकादमिक शोध लेखन को उचित मंच मिलेगा।

सुरभि के प्रकाशन पर महाविद्यालय परिवार को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

श्री विजय देवांगन
पूर्व महापौर
नगरपालिक निगम, धमतरी (छ.ग.)

## // शुभकामना संदेश//



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि शासकीय एन. आर. एम. कन्या महाविद्यालय, धमतरी में वार्षिक पत्रिका सुरभि का 12वां संस्करण का प्रकाशन किया जा रहा है।

पत्रिका के माध्यम से छात्राओं को अपनी अभिव्यक्ति का अवसर प्राप्त होगा यह पत्रिका छात्राओं एवं समाज के बौद्धिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास, राष्ट्र निर्माण की प्रगति में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी एवं जनमानस के लिए मार्गदर्शक का कार्य भी करेगी।

यह पत्रिका छात्राओं एवं समाज के लिए अत्यंत सुरुचिपूर्ण, शिक्षाप्रद, ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित होगी।

सुरभि के सफल प्रकाशन हेतु प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूँ।

भवदीय
नम्रता गांधी
पूर्व कलेक्टर एंव
जिला दण्डाधिकारी
धमतरी

## // शुभकामना संदेश//

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि शासकीय एन.आर. एम. कन्या महाविद्यालय, धमतरी में वार्षिक पत्रिका सुरभि का 12 वां संस्करण का प्रकाशन होने जा रहा है आशा करता हूं कि पत्रिका में ज्ञानवर्धक एवं सारगर्भित पाठ्य सामाग्री का समावेश होगा तथा संस्था द्वारा सृजित और संकलित ज्ञान और सूचनाओं को महाविद्यालय तथा उसकी सीमाओं से बाहर भी विस्तारित करने में मदद मिलेगी साथ ही पत्रिका के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का सुअवसर प्राप्त होगा।

सुरभि के प्रकाशन की सफलता हेतु प्राचार्य, प्राध्यापकों एवं समस्त छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

श्री जी.आर. मरकाम
पूर्व अपर कलेक्टर
जिला– धमतरी (छ.ग.)

## // शुभकामना संदेश //



हर्ष का विषय है कि शासकीय एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय, धमतरी द्वारा वार्षिक पत्रिका सुरभि का 12वां अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका का प्रकाशन सराहनीय है।

महाविद्यालय पत्रिका छात्राओं में छुपी हुई रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण साधन है। पत्रिका छात्राओं का मनोबल को बढ़ाती है। पत्रिका में महाविद्यालयीन गतिविधियों के साथ–साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार पर आधारित लेखों का समावेश किया जायेगा जिससे छात्राएं विकसित राष्ट्र का निर्माण करने में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगें।

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !

श्रीमती दमयंतिन साहू
पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं
अध्यक्ष
जनभागीदारी समिति
शास. एन. आर. एम. कन्या महाविद्यालय,
धमतरी (छ.ग.)

# प्राचार्य की कलम से



डॉ. अनिता राजपुरिया

सत्र 2024–25 की शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों को समाहित करते हुए महाविद्यालयीन वार्षिक पत्रिका सुरभि का संस्करण सौपते हुए मैं हर्ष का अनुभव कर रही हूँ लगभग 753 छात्राओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है, ''सुरभि''। महाविद्यालयीन पत्रिका छात्राओ की विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों का दस्तावेज है।

वार्षिक पत्रिका सुरभि के माध्यम से युवा उत्सव 2024–25 में अन्तर महाविद्यालयीनयुवा उत्सव जो की पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर में आयोजित हुआ एवं महाविद्यालय की जिन छात्राओं ने एकांकी नाट्यविद्या में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विश्वविद्यालय स्तर पर साउथ ईस्ट जोन युवा उत्सव जो कि क्राइस्ट विश्वविद्यालय बैंगलोर में आयोजित किया गया था उसमें पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर का प्रतिनिधित्व किया उन्हे मैं हार्दिक बधाई देती हूँ।

महाविद्यालय की छात्रा मानसी यादव बी.एस.सी.–सेकेण्ड सेमेस्टर ने विकसित भारत युवा संसद 2025 प्रतियोगिता जो भारत के युवा एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोजित किया गया था उक्त कार्यक्रम में ''एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की ओर बढते कदम'' विषय के अन्तर्गत 150 प्रतिभागियों के मध्य धमतरी से चुने 10 युवा सांसद में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया उन्हें बधाई देती हूँ। अखिल भारतीय वि.वि. कुश्ती प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर कुमुद यादव ने एवं उन्नति ध्रुववंशी, संतोषी मत्स्यपाल, सुमन फुटान ने कराते में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की उन समस्त छात्राओं को बधाईया। महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर की कक्षाओ का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा एवं स्नातक स्तर का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों को मैं महाविद्यालयीन पत्रिका के माध्यम से बधाई प्रेषित करती हूँ।

महाविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य ने पूरे सत्र के दरम्यान पूरी लगन निष्ठा एवं कुशलता से दायित्वों का निर्वहन किया, मैं उनको आभार प्रदर्शित करती हूँ। महाविद्यालय के विकास में माननीय दमयन्ती साहू जी, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शा. एन. आर. एम कन्या महाविद्यालय धमतरी एवं माननीय समस्त जनभागीदारी समिति के सदस्यों को हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ. जिनका सतत् मार्गदर्शन एवं सहयोग हमें प्राप्त हुआ ।

आगामी सत्र में सफलता के नये आयाम स्थापित करने की शुभकामनाओं के साथ,
सुरभि आपके हाथ।

डॉ. अनिता राजपुरिया

# सम्पादकीय



ड़ॉ रोहिणी मरकाम

सुरभि वार्षिक पत्रिका का 12 वां संस्करण आय सभी के हाथो मे देखकर मुझे आपार हर्ष की अनुभुति हो रही है। महाविद्यालय की पत्रिका आपकी उपलब्धियो एंव वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमो का प्रतिविम्ब है। मुझे विश्वास है कि इसमे प्रकाशित कविताएँ लेख कहानियॉ एंव अन्य ज्ञान वर्धक बाते आपके लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगी ।

छात्र जीवन मे रचनात्मकता छात्राओ को अपने विचारो को सशम्त तरीके से सम्प्रेषित करने की क्षमताओ को विकसित करती है। इस पत्रिका मे छात्राओ के मन की भावों को उकेरने का प्रयास किया गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्राओ एंव प्रध्यापको का यह प्रयास अपको अवश्य प्रभवित करेगा ।

पत्रिका के प्रकाशन में महाविद्यालय के प्राचार्य ड़ॉ अनिता राजपुरिया एंव समस्त प्राध्यापको एंव सभी कर्मचारियो का भरपुर सहयोग प्रप्त हुआ।

मैं समस्त प्राध्यापको एंव छात्राओ को धन्यवाद देती हूँ जिन्होने बहुत उत्साह से अपनी रचनाएँ प्रेषित किया।

ड़ॉ रोहिणी मरकाम
पत्रिका प्रभारी

# ड़ॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के 20 कथन जो आपको देंगे नया विचार

संकलित लेख

1. शिक्षित बनो संगठित रहो, संघर्ष करो।
2. हम आदि से अंत तक भारतीय हैं।.
3. ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है।.
4. जीवन लम्बा के बजाय महान होना चाहिए।
5. न्याय हमेशा समानता के विचार पैदा करता है।
6. शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा।
7. छीने हुए अधिकर भीख में नही मिलते अधिकारों को वसूल करना पड़ता है!
8. यदि हम आधुनिक विकसित भारत चाहते है तो सभी धर्मों को एक होना पड़ेगा।
9. जो कौम अपना इतिहास नहीं जानता वह कौम कभी नही बना सकता।
10. संवैधानिक स्वतंत्रता का कोई अर्थ नही जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त नहीं कर लेते।
11. अगर मुझे कभी लगा कि संविधान का गलत प्रयोग हो रहा है तो सबसे पहले मैं ही इसे जलाऊंगा।
12. मैं ऐसा धर्म को मानता हूँ जो स्वतंत्रता समानता एवं भाई चारा सिखाता है।
13. जो इंसान अपनी मौत को सदा याद रखता है वह अच्छे काम करने में लगा रहता है!
14. अपने भाग्य के बजाय अपने कर्मो की मजबूती पर विश्वास रखो।
15. मै किसी समाज की प्रगति को उसकी महिलाओं की प्रमति से मापता हूँ।
16. मनुष्य नश्वर है वैसे ही विचार भी नश्वर है। एक विचार को प्रचार की आवश्यकता होती है जैसे एक पौधे को पानी की।
17. समानता एक कल्पना हो सकती है लेकिन फिर भी इसे एक नियामक सिध्दांत के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।
18. धर्म मनुष्य के लिए है न कि मनुष्य धर्म के लिए।
19. बुध्दि का विकास मानव के अस्तित्व का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए ।
20. उदासीनता एक बीमारी है।

डॉ. रोहिणी मरकाम
सहायक प्राध्यापक (राजनीतिविज्ञान)

# छत्तीसगढ़ की 36 भाजियाँ

ओ० पी० चन्दे
सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र)
एवं समस्त छात्राएं
बी. एस. सी. द्वितीय वर्ष)
वनस्पति शास्त्र



ओ० पी० चन्दे

धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में हरी–भरी भाजियों का महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ भाजियों की अनेक प्रजातियाँ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिनका लोग बड़े चाव से सेवन करते हैं। कृषि वैज्ञानिकों और वनस्पतिशास्त्रियों ने भी इन भाजियों के कई फायदे बताए हैं। उदाहरण के लिए, चरोटा भाजी में सर्वाधिक फाइबर होता है, जबकि मूली और लाल भाजी शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती हैं। चना और मुनगा भाजी पेट साफ करने में मदद करती हैं, तो वहीं प्याज और चरोटा भाजी पाचन क्रिया को बेहतर बनाती हैं। इसी तरह, चौलाई में कैल्शियम की प्रचुरता होती है, जो धमनियों को विकसित करके रक्त संचार में सुधार लाती है। बथुआ भाजी प्रोटीन और विटामिन का अच्छा स्रोत है। इसके अलावा, कुम्हड़ा भाजी के सेवन से बालों का झड़ना कम होता है, और कांदा भाजी त्वचा संबंधी बीमारियों के लिए उपयोगी मानी जाती है।

इस प्रकार, ये सभी भाजियां किसी न किसी रूप में हमें स्वस्थ रखने में सहायता करती हैं। यह आलेख छत्तीसगढ़ में भोजन के रूप में प्रयोग की जाने वाली इन वनस्पतियों के सामान्य, वैज्ञानिक और कुल के नामों का वर्णन करता है।

| क्र. | सामान्य नाम | वानस्पतिक नाम | कुल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | अमारी भाजी | हिबिस्कस सबदरिफ़ा | मालवेसी |
| 2 | तिनपनिया भाजी | आक्जेनिस कार्तिकनेटा | आक्जेलि डेसी |
| 3 | बंदगोभी | ब्रेसिका ओलेरेसिया कैपिटाटा | ब्रेसीकेसी |
| 4 | बरबटी भाजी | फेसियोबस वल्गेरिस | पेपिलियोनेसी |
| 5 | बथुआ भाजी | चिनोपोडियम एल्बम | चिनोपोडियेसी |
| 6 | बोहार भाजी | कॉर्डिया मिक्सा | बोराजिनेसी |
| 7 | चना भाजी | साइसर एरेटिनम | पेपिलियोनेसी |
| 8 | चरोटा भाजी | केसिया टोरा | सिजनपिनियेसी |
| 9 | चौलाई भाजी | एमेरेन्थस स्पाइनोसस | एमेरेन्थेसी |
| 10 | चेंच भाजी | कोर कोरस ऑलिटोरियस | टिलियेसी |
| 11 | चुनचुनिया भाजी – | मार्सेलिया वेस्टिटा | मासीलिये सी |
| 12 | गोभी भाजी | बेसिका ओलेरेसिया बोट्राइटिस | बेसीकेसी |
| 13 | गोल भाजी | पार्टुलेका ओलेरेसिया | पार्टुलेसी |
| 14 | गुमी भाजी | ल्यूकस सिफेलोट्स | लेमियेसी |
| 15 | जड़ी भाजी | एमेरेन्थस गंगेटिकस | एमरेन्थेसी |
| 16 | जिल्लो भाजी | लेथाइरस स्पीसीज | पेपलियोनेसी |
| 17 | काँदा भाजी | आइयोमिया बटाटा | कान्वोक्युलेसी |
| 18 | करमत्ता भाजी | आइयोमिया एक्वेटिका | कान्वोल्वुसी |
| 19 | कोलियारी भाजी | बाहुनिया परपुरिया | सिजलपिनियेची |
| 20 | कुम्हड़ा भाजी | कुकुरबिटा मेक्सिमा | कुकुर बिदेसी |
| 21 | कुसुम भाजी | कार्यम्नस आक्सीकेंधा | एक्टरेसी |
| 22 | लाखड़ी भाजी | लेथाइरस सेटाइवा | पेपलियोनेसी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | लाल भाजी | एमेरेन्थस ट्राइकलर | ऐमेरेन्थेसी |
| 24 | मछरिया भाजी | कोरकोरस एक्युटेंग्यूलस | टिलियेसी |
| 25 | मेथी भाजी | ट्रायगोनेला फीनमग्रेकम | पेपलियोनेसी |
| 26 | मूली भाजी | रेफेनेस सटाइवस | ब्रेसीकेसी |
| 27 | मुनगा भाजी | मोरिंगा टेरिगोस्पर्मा | मोरिंगेसी |
| 28 | पालक भाजी | स्पाइनेसिया ओलेरेसिया | चिनोपोडियेसी |
| 29 | पटवा भाजी | हिबिस्कस कैनाबिनस | मालवेसी |
| 30 | पथरी भाजी | बोरहाविया डिफ्यूजा | निक्टाजिनेसी |
| 31 | पोई भाजी | बसेला कब्रा | बसेलेली |
| 32 | प्याज भाजी | एलियम सेपा | लिलियेसी |
| 33 | सरसों भाजी | बेसिका कम्प्रेस्टिस | ब्रेसीकेची |
| 34 | उड़द भाजी | फेसीओलस रेडियेंटस | पेपलियोनेसी |
| 35 | कोचई भाजी | कोनों के सिया एंटीक्वेरा | रेवेसी |
| 36 | पालक भाजी | स्पाइनेसिया ग्लेब्रा | चिनोपोडियेसी |

**संदर्भः**—"Diversity of Leafy vegetables used by tribal people of Chhattisgarh" (Dr- A-K- Shrivastava, Deepti Chauhan & Suneeta Patra)

**2. जागरण (राष्ट्रीय हिन्दी समाचार, 05 DEC—2018)**

# तेल में तलने से होता है कमाल,स्वाद में आता है जबरदस्त उछाल

'' तले हुए भोजन के लाजवाब स्वाद का रहस्यः एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पकौड़े हों या पूड़ियां, फ्रेंच फ्राई हों या बघार लगी चावल, तले हुए व्यंजनों का स्वाद हम सभी को खूब भाता है। आखिर ऐसा क्या है कि तलने की प्रक्रिया भोजन के स्वाद को इतना अधिक बढ़ा देती है? आइए, इस स्वादिष्ट रहस्य के पीछे छिपे वैज्ञानिक कारणों को समझते हैं कि तले हुए भोजन का स्वाद इतना आकर्षक क्यों होता है

मुख्य बातें

- '' कुरकुरी बनावट का जादूः तेल की उच्च गर्मी भोजन की बाहरी परत को तुरंत निर्जलित कर देती है, जिससे एक कुरकुरा क्रस्ट बनता है। यह क्रस्ट चबाने पर एक बेहद संतोषजनक कुरकुरापन (क्रिस्पी टेक्सचर) प्रदान करता है, जबकि तेल भोजन को अंदर से पूरी तरह पका देता है।
- ''वसा : स्वाद का शक्तिशाली वाहक : कई स्वाद और सुगंध तेल में आसानी से घुल जाते हैं। तलने के दौरान, तेल न केवल भोजन में समा जाता है, बल्कि भोजन से भी स्वाद अवशोषित कर लेता है, जिससे उसका समग्र स्वाद कई गुना बढ़ जाता है।
- '' मेलार्ड अभिक्रियाः स्वाद और रंग का संगम यह एक रासायनिक प्रक्रिया है जो भोजन को तलते समय उसमें मौजूद अमीनो एसिड और शर्करा के बीच होती है। इस अभिक्रिया के कारण भोजन का रंग सुनहरा भूरा हो जाता है और एक विशिष्ट, मनमोहक स्वाद व सुगंध उत्पन्न होती है। यह परिवर्तन उबालने पर देखने को नहीं मिलता। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि अत्यधिक तलने से एक्रिलामाइड और AGE जैसे हानिकारक रसायन भी बन सकते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।
- '' विकासवादी दृष्टिकोण ऊर्जा की लालसा मानव स्वभावतः ऊर्जा और वसायुक्त भोजन का आनंद लेता है. क्योंकि विकास के क्रम में वसा ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। यही कारण है कि तले हुए भोजन हमें इतना अधिक प्रिय लगते हैं।
- '' तेल का विशिष्ट स्वादः विभिन्न प्रकार के खाना पकाने के तेल, तले हुए भोजन को अपना एक विशेष और अनूठा स्वाद प्रदान कर सकते हैं, जो व्यंजन की समग्र स्वादिष्टता को बढ़ाता है।

मधु माधव देव
सहायक प्राध्यापक (प्राणी विज्ञान)
शास. एन. आर. एम. कन्या महा.
धमतरी (छ.ग)

# अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार

नोबेल पुरस्कार नोबेल फेडरेशन के द्वारा स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल की याद में दिया जाता है। जो शांति, साहित्य, भौतिकी, चिकित्सा विज्ञान, अर्थशास्त्र, रसायन के क्षेत्र मे  दिया जाता है।

एल्फ्रेड नोबेल के याद में अर्थशास्त्र,  मे स्वेरिग्स रिक्जबैंक पुरस्कार ,जिसे  सामान्यतः अर्थशास्त्र में नोबल पुस्कार कहा जाता है। अर्थशास्त्र,  में असाधारण योगदान के लिए दिया जाने वाला  क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान है। प्रत्येक विजेता को एक मेडल एक डिप्लोमा और मुद्रा के रूप मे पुरस्कार मिलता है। मिलने वाली मुद्रा की राशि प्रतिवर्ष बदलती है। पुरस्कार प्रतिवर्ष नोबल की पुण्यतिथि पर 10 दिसम्बर को एक कार्यक्रम में स्टाकहोम ,स्वीडन मे दिया जाता है। अर्थशास्त्र मे पहला नोबेल पुरस्कार 1969 मे फिश और जेन टिन बरजेन को आर्थिक प्रक्रियाओ के विश्लेषण के लिए गतिशील मॉडल विकसित और लागु करने के लिए मिला था ।
सन् 2024 में साइमन जॉनसन और जेम्स एलन रॉबिन्सन को CPO का निर्माण और समृध्दि पर इनके प्रभाव के अध्ययन के लिए नोबेल पुरस्कार मिला ।

अर्थशात्र में नोबेल पुरस्कार पाने वाले भारतीय अर्थशास्त्री

1. अमर्त्य सेन – कल्याणकारी अर्थशास्त्र और सामाजिक विकल्प सिध्दान्त में उनके योगदान के लिए नोबेल पुरूस्कार सन् 1998 में में मिला था।

2. अभिजीत बेनर्जी – वैश्विक गरीबी को कम करने के लिए उनके प्रयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए था 2019 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उन्हें एफिर डुप्लो और माइकल केमर के साथ मिला।

   "कोई भी देश वास्तव में तब तक विकसित नहीं हो सकता जब तक उसके नागरिक शिक्षित नहीं हो जाते ।"

दामिनी ठाकुर
सहायक प्राध्यापक अर्थशात्र

# आदित्य L1 मिशनः भारत का पहला सौर मिशन

परिचयः

आदित्य L1 मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का एक ऐतिहासिक कदम है, जो सूर्य के अध्ययन के लिए भारत का पहला समर्पित मिशन है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य सूर्य की बाहरी परतों, उसकी गतिशील प्रक्रियाओं, और सौर वातावरण के प्रभावों का अध्ययन करना है। इसे 2 सितंबर 2023 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया, और यह मिशन भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में बढ़ती क्षमताओं का प्रतीक है।

## मिशन का महत्व

आदित्य L1मिशन भारत के लिए एक बड़ा वैज्ञानिक और तकनीकी कदम है। सूर्य का अध्ययन केवल खगोल विज्ञान के लिए ही नहीं, बल्कि पृथ्वी पर जलवायु, संचार, और विद्युत चुम्बकीय गतिविधियों पर इसके प्रभाव को समझने के लिए भी महत्वपूर्ण है। सूर्य, जो हमारे सौर मंडल का केंद्र है, ऊर्जा का मुख्य स्रोत है और उसके व्यवहार का अध्ययन करना वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है।

## लॉन्च और तकनीकी विवरण

आदित्य L1 को भारत के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से च्ैस्ट.ग्स (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) के जरिए लॉन्च किया गया। मिशन का प्राथमिक उद्देश्य सूर्य और पृथ्वी के बीच स्थित लैज प्वाइंट 1 ( L1) पर स्थापित होना है।

## लैग्रेज प्वाइंट 1 ( L1):

L1बिंदु सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बलों के बीच का ऐसा स्थान है, जहां एक अंतरिक्ष यान संतुलन की स्थिति में रह सकता है। यह पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर है। इस बिंदु पर स्थापित होने से आदित्य L1को सूर्य का निर्बाध और स्पष्ट दृश्य मिलेगा।

मिशन के उद्देश्य

आदित्य L1मिशन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैंः

### 1. सूर्य के कोरोना का अध्ययनः

कोरोना सूर्य की सबसे बाहरी परत है, जो उसके सतह से लाखों किलोमीटर तक फैली होती है। यह परत अत्यधिक गर्म (दस लाख डिग्री केल्विन से अधिक) होती है। वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि कोरोना सतह से अधिक गर्म क्यों है।

### 2. सौर हवाओं का विश्लेषणः

सौर हवाएं सूर्य से निकलने वाले आवेशित कणों का प्रवाह हैं। इन हवाओं का पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### 3. सौर गतिविधियों का निरीक्षणः

सूर्य की सतह पर होने वाली गतिविधियां, जैसे सोलर फ्लेयर्स और कोरोनल मास इजेक्शन (ब्डम्), का अध्ययन। इन घटनाओं का पृथ्वी पर संचार प्रणालियों और सैटेलाइट्स पर प्रभाव पड़ता है।

### 4. चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययनः

सूर्य का चुंबकीय क्षेत्र और उसके बदलाव पृथ्वी के पर्यावरण पर असर डाल सकते हैं।
इनका अध्ययन भविष्यवाणी के लिए महत्वपूर्ण है।

मिशन के पेलोड

आदित्य L1 में सात वैज्ञानिक उपकरण (पेलोड) लगाए गए हैं, जो सूर्य और उसकी गतिविधियों का विश्लेषण करेंगे। इनमें शामिल हैं।

1. विजिबल एमिशन लाइन कोरोनोग्राफ (VELC)**:** यह सबसे प्रमुख पेलोड है। कोरोना का अध्ययन करने के लिए डिजाइन किया गया। सूर्य की बाहरी परतों और सौर हवाओं की संरचना का निरीक्षण करेगा।

2. सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (SUIT): यह सूर्य के पराबैंगनी विकिरण का अध्ययन करेगा। सूर्य के विभिन्न परतों का डेटा उपलब्ध कराएगा।
3. प्लाज्मा एनालाइजर पैकेज फॉर आदित्य (PAPA): यह सौर हवाओं और प्लाज्मा के गुर्णा का अध्ययन करेगा।
4. सोलर लो एनर्जी एक्स–रे स्पेक्ट्रोमीटर (SOLEXS): यह सूर्य से आने वाले एक्स–रे विकिरण का अध्ययन करेगा।
5. हाई एनर्जी लिथियम आयन एनालाइजर (HELIOS): उच्च ऊर्जा वाले कणों का विश्लेषण करेगा।
6. आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (ASPEX): सौर हवाओं के कणों का अध्ययन करेगा।
7. मैग्नेटोमीटर : यह चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन करने के लिए लगाया गया है।

भारत और वैश्विक संदर्भ

आदित्य L1मिशन ने भारत को उन देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है, जो सौर अनुसंधान में अग्रणी हैं। अब तक, अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA), और जापान जैसे देशों ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए मिशन लॉन्च किए हैं।

भारत का योगदानः

यह मिशन भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी कौशल को दिखाता है। इसरो ने कम लागत में उच्च गुणवता वाले मिशन को अंजाम दिया है। आदित्य स1 के जरिए भारत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा।

वैश्विक लाभः

मिशन से प्राप्त डेटा विश्वभर के वैज्ञानिकों के लिए उपलब्ध होगा।
यह मिशन अंतरिक्ष विज्ञान और सौर अध्ययन के क्षेत्र में नई जानकारियों का स्रोत बनेगा।

चुनौतियां

सूर्य जैसे विशाल और गर्म तारे का अध्ययन करना आसान नहीं है। इस मिशन के दौरान कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं।

1. तापमान और विकिरणः सूर्य के पास अत्यधिक गर्मी और विकिरण के कारण उपकरणों को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण है।

2. दूरी और समय L1 बिंदु तक पहुंचने में कई महीने लगते हैं। इतने लंबे समय तक सटीक नेविगेशन और संचार बनाए रखना जरूरी है।

3. डेटा का प्रबंधनः सौर गतिविधियों से आने वाले भारी मात्रा में डेटा को संचित करना भी एक कठिन काम है।

भविष्य की संभावनाएं

आदित्य L1 मिशन भारत के लिए सौर विज्ञान में नए द्वार खोलेगा। यह मिशन केवल वर्तमान सौर गतिविधियों को समझने में मदद करेगा, बल्कि आने वाले समय में बेहतर भविष्यवाणी प्रणालियां विकसित करने में भी सहायक होगा।

अनुसंधान और विकासः

मिशन से प्राप्त जानकारियों का उपयोग अंतरिक्ष मौसम और पृथ्वी पर उसके प्रभाव को बेहतर तरीके से समझने के लिए किया जाएगा। सौर ऊर्जा और खगोल भौतिकी के क्षेत्र में नई तकनीकों का विकास होगा।

निष्कर्ष

आदित्य L1 मिशन भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए मील का पत्थर है। यह मिशन न केवल सौर अध्ययन में नई जानकारियां प्रदान करेगा, बल्कि पृथ्वी पर इसके प्रभाव को भी स्पष्ट करेगा। इसरो की यह पहल विज्ञान और तकनीकी विकास में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। आदित्य L1 मिशन सूर्य और सौरमंडल को समझने के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम है, और इसकी सफलता भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान की वैश्विक प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगी।

पोखराज साहू (अतिथि व्याख्याता)

# छत्तीसगढ़ के पाणिनि : हीरालाल काव्योपाध्याय

परिचय–

छत्तीसगढ़ की पहचान छत्तीसगढ़ी भाषा । छत्तीसगढ़ी व्याकरण के सृजनकर्ता, महान् साहित्यकार, बहुभाषाविद्, शिक्षाविद एवं संगीत के ज्ञाता हीरालाल काब्योपाध्याय ने छत्तीसगढ़ी भाषा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित किया। यदि उन्हें छत्तीसगढ़ी भाषा का पाणिनि कहा जाए, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

ऐसा प्रतिभा सम्पन्न छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र हीरालाल काव्योपाध्याय का जन्म सन् 1856 ई० में धमतरी जिला के कुरुद तहसील अंतर्गत राखी (भाठागाँव) नामक स्थान में चन्द्रनाहू कुर्मी (चंद्राकर) परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री बालाराम एवं माता का नाम श्रीमती राधा बाई था।

शिक्षा–दीक्षा :–प्राथमिक शिक्षा रायपुर से तथा मेट्रिक की शिक्षा सन् 1874 ई. में जबलपुर से उत्तीर्ण की। सन् 1875 ई में मात्र 19 वर्ष की अवस्था में जिला स्कूल में सहायक शिक्षक नियुक्त हो गये। धमतरी के वर्नाकुलर टाऊन स्कूल में हेडमास्टर ' की स्थायी नौकरी प्राप्त हो गयी, इसके कुछ दिवस पूर्व वे बिलासपुर में भी पदस्थ रहें।

रचना एवं सम्मानः–उर्दू, उड़िया, बंगाली, मराठी, अंग्रेजी आदि भाषाओं के ज्ञाता हीरालाल काव्योपाध्याय छत्तीसगढ़ी खड़ी बोली के पितामह कहे जाते है। उनकी प्रथम रचना "शाला गीत चंद्रिका" सन् 1881 में प्रकाशित हुआ। इस रचना के लिए बंगाल के राजा सुरेन्द्र मोहन द्वारा सम्मानित किया गया। 11 सितंम्बर 1884 ई. को पुनः राजा सुरेन्द्र मोहन टैगोर द्वारा उनकी कृति "दुर्गायन" के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया तथा इसी कृति के लिए बंगाल संगीत अकादमी द्वारा काव्योपाध्याय की उपाधि देकर सम्मान किया गया। बच्चों के लिए संगीत बालोपयोगी गीत की रचना की। उनका स्वास्थ्य कमजोर हो गया और वे बीमार रहने लगे फिर भी वे मन से स्वस्थ थे और उनकी लेखनी चलती रही गीत "रसीक" उनकी उसी समय की रचना है।

हीरालाल काव्योपाध्याय की सातवीं और अंतिम कृति छत्तीसगढ़ी व्याकरण है। इस कृति की रचना उस समय की गयी जब, खड़ी बोली का कोई सर्वमान्य और प्रामाणिक व्याकरण उपलब्ध नहीं था । उन्होंने सात कृतियों की विभिन्न भाषाओं में सात कृतियों की रचना किये किन्तु उनकी पहचान मूल्य रूप से छत्तीसगढ़ी व्याकरण से है। इस छत्तीसगढ़ी व्याकरण की रचना सन् 1885 ई. में किया गया तथा 1890 ई. में प्रसिद्ध भाषाविद् सर जार्ज ग्रियर्सन ने अंग्रेजी में अनुवाद कर जर्नल ऑफ एशियाटिक सोसाइटी आफ बंगाल में प्रकाशित कराया। इस कृति का प्रकाशन दो भागों में कराया गया प्रथम भाग में विशुध्द व्याकरण तथा द्वितीय भाग में मुहावरे, पहेलियाँ, कथन, कहानी आदि संकलित है।

जार्ज ग्रियर्सन ने हीरालाल तथा उनके द्वारा लिखे व्याकरण की प्रशंसा में लिखते है यह ग्रंथ भारतीय भाषाओं पर प्रकाश डालने वालों के लिए प्रेरणास्पद है।

देहावसान :– भावों को अभिव्यक्ति देने वाली भाषा और छत्तीसगढ़ी भाषा को व्याकरण प्रदान करने वाले हीरालाल काव्योपाध्याय की वाणी संसार से मौन हो गयी । सन् 1890 ई. में हीरालाल काव्योपाध्याय का देहांत हो गया।

सुश्री तीजन साहू
अतिथि प्राध्यापक हिन्दी

# समय

समय का जो रखता ध्यान, जग में होता उसका मान।

समय को जो खोता है, बाद में रोता रहता हैं।

समय कभी नहीं रुकता है, चलता है बस चलता हैं।

सफल वहीं यहाँ होता है, समय के साथ जो चलता है।

हुलसी साहू
एम ए द्वितीय सेमेस्टर
राजनीतिविज्ञान

# चलों आगे बढ़ें

नदियों और लहरों से ज्ञान, भरे चले आगे बढ़े।

क्यूँ दोहराय हम वो रास्ते,जिनमें हमने ठोकरें खायी हैं।

चलो नये रास्ते का निर्माण करें, चलो आगे बढ़ें।

चलो निरंतर प्रयास करें, क्यूँ परिणाम कि चिंता करें, चलो आगे बढ़े ।

नन्हीं चीटी न जाने दीवार पर, कितनी बार चढ़ती और गरती हैं।

चलो चीटी से ही ज्ञान भरे, चलो आगे बढ़े।

चलो अपनी गलतियों में सुधार करें, चलो आगे बढ़े।

स्वरचित कविता
मीनाक्षी यादव
बी.एस.सी. द्वितीय सेमेस्टर

# एक राष्ट्र एक भाषा

एक मेरा देश, एक मेरी जननी है, एक सूत्र में बांधे हर जन है
एक राष्ट्र एक भाषा हमारी हिन्दी है।

विचारों को जो शब्द देती, भावनाओं को देती वाणी है,
ऐसी मधुर सर्वप्रिय एक राष्ट्र एक भाषा हमारी हिन्दी है।

अनेक अंलकारो से सुसज्जित, अपार सागर से गहरी है,
गर्व हो इस पर हमें, अभिमान सें कहो एक राष्ट्र, एक भाषा हमारी हिन्दी है।

नाम – पम्मी यादव

## उद्गम स्थल

सिहावा की भूमि पावन जहाँ महानदी का उद्गम है। श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि जहाँ ध्यान में अमृत रस है।

यहां की वादियों में गूंजती ऋचाएं वेद की दशरथ को वरदान दिया, संतान खुशी से भरी छाँव की।

माडमसिल्ली का सायफन, धमतरी का अनोखा सौंदर्य है, पानी की सुरधारा मे, विज्ञान का संगम सुंदर है।

पंडित रविशंकर जलाशय, जल से भरा हुआ आँगन । छत्तीसगढ़ की माटी में, हरियाली का ये चमन ।

माँ विंध्यवासिनी आश्रय, है धमतरी का परम धाम, जहाँ श्रद्धा से भक्त झुकाते है सिर अपना तमाम ।

गंगरेल में अंगारमोती, महानदी की पावन तट पर बसी, माँ के चरणों में समर्पण, भक्तो की हर पीढ़ा मिटी।

धमतरी की धरती पावन, सिहावा की अमर छाया, श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि, जहाँ हर मन ने शांति पाया ।

यहाँ के जलाशयों में संस्कृति की बहती बयार, धमतरी की ये माटी, है छत्तीसगढ़ का अनुपम उपहार।

निशारानी साहू
एम ए द्वितीय सेमेस्टर
राजनीतिविज्ञान

## पहेलियाँ

1. बूझो भैया एक पहेली, जब काटी तो नई नवेली — पेंसिल
2. सफेद तन हरी पूँछ, न बुझे तो नानी से पूछ — मूली
3. कान हैं पर बहरी हूँ, मुँह है पर मौन हूँ। आँखें है पर अंधी हूँ बताओ में कौन हूँ ? —गुडिया
4. सर है दुम, है, मगर पाँव नहीं उसके । पेट है, आँख है मगर कान नहीं उसके — सांप
5. हरी सी उसकी काया लाल मकान में काला शैतान समाया — तरबूज
6. चौकी पर बैठी एक रानी सिर पर आग बदन में पानी । —मोमबत्ती
7. बिन खाए, बिन पिए, सबके घर में रहता है। ना हसता हूँ, ना रोता हूँ, घर की रखवाली करता हूँ। — ताला

निकीता गुप्ता
बीएससी द्वितीय सेमेस्टर

## हौसलों की उड़ान

ये आसमा छीन गया तो क्या ?, नया ढूंढ लेगें,
हम वो परिंदे नही जो, उड़ना छोड़ देंगे !!
मत पूछ, हौसले हमारे, आज कितने विक्षुब्ध हैं
एक नई शुरुआत, नया, आरंभ तय है...माना अभी हम निःशब्द है!!

ये सरोवर छूट गया तो क्या ?,नया सागर ढूद लेंगे
हम वो कश्तियां नही, जो तैरना छोड़ देंगे !!
कदम चलते रहेंगें,जब तक श्वास है,
परिस्थिति से परे, स्वयं पर हमें विश्वास है !!

एक रास्ता मिला नहीं तो क्या नई राहें ढूंढ लेंगे
हम वो मुसाफिर नहीं जो चलना छोड़ देंगें !!
ख्वाबों को महकता रखता है, हम मंजिलों से रास्ता रखते हैं.
नशा हमें हमारी फितरत का, हर हार करती है बुलंद...इरादा जीत का !
ये मुकाम नहीं हासिल तो क्या?, नए ठिकाने ढूंढ लेंगे,
हम वो राय नहीं जो, अपनी तलाश, छोड़ देंगे !!

हम वो परिंदें नहीं जो,उड़ना छोड़ देंगे !!

कु. भोजेश्वरी साहू
पीजीडीसीए

## जीत पक्की है

कुछ करना है, तो डटकर चल । थोड़ा दुनिया से हटकर चल ।।

लीक पर तो सभी चल लेते है। कभी इतिहास को पलटकर चल।।

बिना काम के मुकाम कैसा । बिना मेहनत के, दाम कैसा।।

जब तक ना हासिल हो मंजिल।तो राह में आराम कैसा ।।

अर्जुन सा, निशाना रख । मन में ना कोई बहाना रख ।।

जो लक्ष्य सामने है । बस उसी पे अपना ठिकाना रख ।।

सोच मत, साकार कर । अपने कर्मों से प्यार कर।।

मिलेगा तेरी मेहनत का फल। किसी और का ना इंतज़ार कर ।।

जो चले थे अकेले । उनके पीछे आज मेले हैं।।

जो करते रहे इंतजार । उनकी जिंदगी में आज भी झमेले है ।।

प्रतिमा (पीजीडीसीए)

# मुठ्ठी भर सपने

मुठ्ठी में कुछ सपने लेकर भरकर जेबो मे आशाएं दिल मे है
अरमान यही कुछ कर जाएं... कुछ कर जाएं
सूरज – सा तेज नहीं मुझमें, दीपक–सा जलता देखोगे
अपनी हद रौशन करने से, मुझको कब तक तुम रोकोगे
मैं उस माटी का वृक्ष नहीं, जिसको नदियों ने सींचा है
बंजर माटी मे चलकर मैनें, मृत्यु से जीवन खींचा हैं
मै पत्थर पर लिखी इबादत हूं, शीशों को कब तक तोडोगे
मिटने वाला मै नाम नहीं, तुम मुझको कब तक रोकोगे
इस जग में जितने जुल्म नहीं,उतने सहने की ताकत हैं
तानो के भी शोर मे रहकर, सच कहने की आदत है।
मैं सागर से भी गहरा हूं तुम कितने कंकड़ फेकोगे
चुन–चुन कर आगे बढ़ुंगी मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे।

तनुजा निषाद
बीएससी द्वितीय सेमेस्टर

# अब तो मचा है हाहाकार

अब तो मचा है हाहाकार, वृक्ष बिना बुरा हुआ है हाल ।
मानव ने यह किया कमाल, खुद को पाएं नहीं सम्हाल ।
कैसे–कैसे किये है अब खेल, हाल बुरा है पेलम– पेल ।
गर्मी ने किया बुरा है हाल, आज ग्लोबल हुआ है लाल ।
ग्लेशियर पिघले हालम– हाल, खुद को पाया नहीं सम्हाल ।
नदियों में फेंका है इसने जाल,हर घर में आया हैं काल ।
उमड़ी, उफनी और लाई बाढ़, धरती लगी अब आंखे काढ़ !
ओजोन परत भी हुई अब चीर्ण, पराबैंगनी हुई है प्रकीर्ण
प्रदूषण ने सबको किया है क्षीण,शरीर हो, चुका अब उसका जीर्ण ।
वृक्ष कटाई से हालात हुई खराब, इन सबका देगा कौन जवाब ।

प्रेमलता साहू
बीएससी द्वितीय सेमेस्टर

# भौतिक विज्ञानी और रसायनज्ञ–मैरी स्कोलोडोवस्का क्यूरी

मैडम क्यूरी जिनका जन्म 7 नवंबर, 1867 को पोलैण्ड में हुआ था, एक भौतिक वैज्ञानिक और रसायनज्ञ थी। उन्हें रेडियोधर्मी क्षय की खोज के लिए जाना जाता है, जिसके लिए उन्हें 1903 में भौतिकी में नोबेल और 1911 में रसायन विज्ञान का नोबल पुरस्कार मिला था। एक मात्र महिला थी जिन्हें दो अलग–अलग विषयों में नोबेल पुरस्कार मिला था। क्यूरी ने अपने पति. पियरे क्यूरी के साथ मिलकर रेडियोधर्मिता के गुणों का अध्ययन किया। उन्होंने पाया कि रेडियोधर्मी पदार्थ लगातार उर्जा का उत्सर्जन करते हैं और उन्होंने इस प्रक्रिया को रेडियोधर्मिता नाम दिया । क्यूरी ने रेडियम और पोत्रो नियम के नए तत्वों की भी खोज की क्यूरी की खोजों ने आधुनिक चिकित्सा और भौतिकी में क्रांति ला दी।

रेडियोधर्मिता का उपयोग कैंसर के इलाज और अन्य कई चिकित्सा अनुप्रयोगों में किया जाता है। क्यूरी की खोजों ने भौतिकी के सिध्दातों को भी आगे बढ़ाया । क्यूरी एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक और एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व की थीं। उन्होंने अपने काम के माध्यम से दुनिया को बदल दिया और वे आज भी एक प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

जीवन में सफलता के लिए न तो ये जानने की जरूरत है कि, दूसरे लोग क्या सोच रहे है और न हि दूसरों की चीजों में रूची रखनी चाहिए। लेकिन किसी नए विचार की खोज जरूर करनी चाहिए। कुछ नया करने से ही आगे बढ़ने का रास्ता मिल सकता है।

अंजु साहू
बी.एस.सी.भाग–3
गणित

# तारा निर्माण

तारों का निर्माण ब्रम्हांड की सबसे पुरानी प्रक्रिया है। तारे तब बनते हैं जब गैस के विशाल बादल गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के सिकुड़ने से बनते हैं, और इन्ही विशाल बादलों को नेब्युला कहा जाता है। तारे मुख्य रूप से हाइड्रोजन गैस मे बने होते हैं। जब ये तारे मुख्य अनुश्म में प्रवेश करते हैं, तो हीलियम से भारी अन्य तत्वों का उत्पादन करना शुरु कर देते हैं।

जब हाइड्रोजन गैस एक गीले में ढह जाती है, तो एक प्रोटोस्टार बनता है। प्रोटोस्टार तारा निर्माण का पहला चरण है। एक प्रोटोस्टार का लक्ष्य अपने कोर को संपीडित करने और हाइड्रोजन के परमाणु संलयन को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सामग्री जमा करना है। जब यह प्रक्रिया विफल हो जाती है, तो एक भूरे रंग का बौना बन जाता है। जब प्रक्रिया सफल होती है, तो एक नया तारा पैदा होता है, और तारा अपने जीवन के मुख्य अनुक्ष्म में प्रवेश करता है। एक तारे का मुख्य अनुमान एक तारे के प्रबमान के आधार पर 10 मिलियन से 1 मिलियन वर्ष तक चल सकता है। और एक तारा अपने हाइड्रोजन, जिस गैस से सभी तारे बने होते हैं, के माध्यम से जल जाने पर समाप्त हो जाएगा। मुख्य अनुश्म के बाद एक तारे का जीवन भी तारे के अव्यमान पर निर्भर करता है। जब कोई उच्च प्रत्यमान वाला तारा सुपरनोवा विस्फोट से गुजरता है, तो वह अपने पीछे एक बड़ा ग्राहीय नेब्युला छोड़ जाता है जो कि एक न्यूरॉन तारा या एक ब्लैक होल बन जाता है।

गंगा
बीएससी प्रथम सेमेस्टर

## अँधेरा है हर रास्ते में

अँधेरा है हर रास्ते में ! पर चलना तो मुझे ही होगा
मुश्किले है मुसीबते है पर लड़ना तो मुझे ही होगा
दिख रहीं न कोई रोशनी पर चलना तो मुझे ही होगा
प्रतिकुल परिस्थितियाँ है पर भिड़ना तो मुझे ही होगा
खो गया हूँ इस जीवन के मेले में पर राह ढूंढना तो मुझे ही होगा,
रास्ते में बहुत सी बाँधाये है, पर इसे हटाना तो मुझे ही होगी ।
मेरे अदंर बहुत सारी कमियां है ,पर इसे दूर करना तो मुझे ही होगा
मोती के दाने सा बिखर गई है। जिदंगी पर समेटना तो मुझे ही होगा
कदम काँटों से उलझ जाते है, मेरे, पर बढ़ना तो मुझे ही होगा ।।
अँधेरा है हर रास्ते में ! पर चलना तो मुझे ही होगा

मेनका निषाद
बी.ए.भाग–तीन

## पता नहीं कब निकलेगा, तीर कमान से

मन इतना क्यों घबराता है, रोज–रोज एक ही बात कह जाता है,
मंजिल भी मिल जाएगी, रास्ते भी कट जाएगी,
आज आराम कर लेते हैं, कल से पक्का ढल जाएंगे,
मेहनत कर किताब से, हर पन्ने को रट जाएंगे
कभी–कभी जहन में एक सवाल आता है, क्या आलस एक मजबूरी है
,या दुखों की गहराईया दिखाने के लिए यह भी जरूरी है,
फिलहाल तो देख रहा हूँ मंजिल को, बैठा एक ही स्थान से,
और मन ही मन सोच रहा हूँ, कि किस दिन निकलेगा,
ये मेहनत वाला तीर कमान से तब तक कही छुट ना जाऊ,
पिछे इस जहान से, पता नहीं कब निकलेगा तीर कमाना से ।

नाम – प्रिया साहू
कक्षा बी. एस सी (प्रथम सेमेस्टर)

## समय की कीमत

समय पर खाना, समय पर सोना,
समय कभी न अपना खोना ।

समय पर पढ़ना, समय पर लिखना,
पूरा होगा हर एक सपना।

समय की जिसने कीमत जानी,
सबने उसकी बात है मानी।

प्रतिभा चन्द्रवंशी
एम ए द्वितीय सेमेस्टर

# पानी बचाओं पर कविता

पानी बचाओ, पानी बचाओ,
बिना बात के पानी न बहाओ।

बिन पानी हम जी न पाएँ,
फिर पानी क्यूँ व्यर्थ बहाएँ।

पानी को हम खूब बचाएं,
काम पड़े तब उसे बहाएँ ।

आओ हम सब पानी बचाएं,
धरती को खुशहाल बनाएँ।

मेधा साहू
एम ए द्वितीय सेमेस्टर

# भारत की बेटियाँ

ख्वाबों से, निकलकर देखो, हकीकत में गूंज रही है।
आज भारत की बेटियाँ देखो, आसमान को चूम रही हैं।।
गर्भ में जिसने मारा बेटी को, देखो कैसे गमगीन है।
होठो की हंसी उनकी आँसूओं में विलीन हैं ।।
खुद आगे बढ़ती है, सौगात सभी को देती है
सपने पूरे कर ले अपने, ख्वाब सभी को देती हैं
माना बेटा ने रोशन किया एक परिवार, बेटी ही है जो, दो कुलो को जोड़ रही हैं,
सूरज की तेज है उसमें है, चांद सी शीतल वो, हर राह डग भर रही हैं,
खुद के आत्मविश्वास से देखो विश्वास सभी को दे रही है,
ख्वाबों की दुनिया से निकल आज देखो,हकीकत में गुंज हैं,
आज भारत की बेटियाँ देखो,आसमान को चूम रहीं हैं,
मत करो इसका अपमान,न इसका तिरस्कार करो,
बेटी ही है जो माँ, बहन, पत्नी हर रूप में अधिकारों से मरहूम रही है,
ख्वाबों से, निकलकर देखो, हकीकत में गूंज रही है।
आज भारत की बेटियाँ देखो, आसमान को चूम रही हैं।।

श्रध्दा साहू
बीएससी द्वितीय सेमेस्टर

# पहेलियां

1. बोल नही पाती हूँ मैं,और सून नहीं पाती।
बिना आँखो के हूँ अंधी पर सबको राह दिखाती ।
– पुस्तक ।

2 तीन अक्षर का मेरा नाम,बीच कटे तो रिश्ते का नाम ।
आखिरी कटे तो सब खाए भारत के तीन तरफ दिखाएँ ।
–सागर ।

3. देखी रात अनोखी वर्षा, सारा खेत नहाया।
पानी तो पूरा शुद्ध था, पर पी न कोई पाया।
–ओस ।

4. पास में उड़ता–उड़ता आए,क्षण भर देखुं ,फिर छिप जाए।
बिना आग के जलता जाए,सबके मन को वह लुभाए ।
– जुगनू ।

5. एक हाथ है लकडी की डंडी बने हुए हैं इसमे आठ घर ।
ज्यों–ज्यों हवा जाए उस भवन में, त्यों–त्यों निकलें है मीठे स्वार।
– बांसुरी ।

6. आपके ही घर पे आये तीन अक्षर का नाम बताए,
शुरू के दो अति ही जाये अंतिम दो से तिथि बन जाये।
– अतिथि।

7. तीन रंगो का सुंदर पक्षी, नील गगन में भरे उड़ान,
सब की आंखों का है तारा,सब करते इसका सम्मान,
–भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा।

8.एक थाल मोतियों भरा,सबके सिर पर उल्टा धरा,
चारों ओर फिर वो थालमोती उससे एक न गिरे ।
– आकाश और तारे

9. वह कौन है जो नीम और करेले से भी कड़वा होता है?
– सच ।

जाग्रति साहू
बी.एस.सी.–3
गणित संकाय

## हम बच्चे

हम बच्चे हँसूते गाते हैं।
हम आगे बढ़ते जाते हैं।

पथ पर बिखरे कंकड कांटे ।
हम चुन–चुन दूर हटाते।।

आये कितनी भी बाधाएँ।
हम कभी भी नहीं घबराते है।।

धन दौलत से ऊपर उठ कर,
सपनो के महल बनाते हैं।।

हम खुशी बाँटूले दुनिया को
हम हसते और हसाते है।।

सारे जग में सबसे अच्छे,
हम भारतीय कहलाते हैं।

नीकिता सिन्हा
पीजीडीसीए

## मेरी अभिलाषा

खुशहाल यहाँ पर हर जन हो, सुख शान्ति से भरा जीवन हो ।
सब काम करे अपना – अपना, खुद पूरा करे अपना सपना ।
कोई हाथ यहाँ ना फैलाये अब, जन स्वावम्बी बन जावे सब ।
चोरी फरेब का नाम न हो, कोई भी यहाँ बदनाम ना हो।
ना कोई किसी को गुमराह करे, सब सच्चे पथ के राही बनें।
आतंक न हो अब जीवन में सब प्रेम भाव रखे मन में।
हर कोई किसी के साथ चले। हर संकट में सब हाथ मिले।
ना ऊँच–नीच की बात करें, इक–दूजे का सम्मान करे ।
ना जात–पात की दूरी हो ना सीमा की मजबूरी हो ।
हमें कोई जुदा ना कर पावे ,सब भारतवासी कहलायें ।
मजबूर नही हम महान बनें, भारत माँ की हम शान बनें।
पूर्ण होगी सबकी आशा,यह है मेरी अभिलाषा।

प्रीति साहू
पीजीडीसीए

# हिंदी विभाग वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2024–25



सुश्री तीजन

परिचय

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी सत्र 1995 से संचालित है साथ ही हिंदी विभाग का संचालन महाविद्यालय में हो रहा है। हिंदी विभाग के अंतर्गत हिंदी भाषा एंव हिंदी साहित्य विषय संचालित हैं। हिंदी भाषा ही नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति भी है। हिंदी भाषा में राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने की शक्ति है।

साहित्य समाज का दर्पण होता है क्योंकि साहित्य युगीन समस्याओं और भावनाओं से अवगत कराता है।

उद्देश्य

- भाषा ज्ञान के माध्यम से भारतीय संस्कृति एंव भावनात्मक एकता को समझा जा सकता है।
- हिंदी भाषा शिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषायी कौशल का विकास करना हैं।
- साहित्य शिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता का विकास करना तथा उसके शब्द भंडार में वृध्दि करना आदि हैं।

सत्र 2024–25 में हिन्दी विभाग में अध्ययनरत छात्राओं की संख्या

हिंदी भाषा में कुल 615 छात्राएं अध्ययनरत हैं

| कक्षा | 1st 2 sem | 2nd year | 3rd year | Total |
|---|---|---|---|---|
| B.A. | 158 | 131 | 84 | 373 |
| B.Com. | 79 | 66 | 27 | 172 |
| B.Sc. | | 38 | 32 | 70 |

हिंदी साहित्य में कुल 247 छात्राएं अध्ययनरत हैं

| कक्षा | 1st sem+ GE | 2nd year | 3rd year | Total |
|---|---|---|---|---|
| B.A. | 94+20 | 80 | 53 | 247 |

सत्र 2023–24 का परीक्षा परिणाम

हिंदी भाषा उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत

| कक्षा | 1st year | 2nd year | 3rd year |
|---|---|---|---|
| B.A. | 86.17% | 97.08% | 99.18% |
| B.Sc. | 92.47% | 100% | 100% |
| B.Com. | 100% | 100% | 97% |

हिंदी साहित्य उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत

| कक्षा | 1st year | 2nd year | 3rd year |
|---|---|---|---|
| B.A. | 71.92% | 97.14% | 98.71% |

शैक्षणिक गतिविधियां

- नियमित कक्षाएं एंव व्याख्यान
- कविताओं का सस्वर वाचन एंव व्याख्या
- कहानी वाचन
- नाटक, प्रहसन, एकांकी का नाटकीय मंचन
- निबंध लेखन प्रतियोगिता
- प्रश्न मंच का आयोजन आदि।

विभाग की अन्य गतिविधियां

- प्रेमचंद जयंती 08/08/2024
- हिंदी दिवस और अतिथि व्याख्यान 14/09/2024
- स्लोगन लेखन प्रतियोगिता 12/12/24
- विश्व हिंदी दिवस 10/01/2025
- पंचमी एवम् निराला जयंती 03/02/2025

पुरस्कार
प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया हैं।

सुश्री तीजन
हिंदी विभाग
शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या
महाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)

# शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)

## भूगोल विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन
सत्र 2024–25



डॉ. डी.आर.चौधरी

शासकीय नारायणराव मेधावाले कन्या महाविद्यालय, धमतरी में सत्र 2007–08 से शासन के आदेशानुसार स्नातक स्तर पर भूगोल विषय प्रारंभ हुई। प्रारंभ में 07 छात्राओं ने प्रवेश लिया वर्तमान सत्र 2024–25 बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में 81 छात्राएं, बी.ए. भाग–02 में 48 तथा बी.ए. भाग–03 में 36 छात्राएं भूगोल विषय लेकर अध्ययन कर रहीं है।

भूगोल विषय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है सत्र 2023–24 में बी.ए. भाग–01 में 97 प्रतिशत, बी.ए. भाग–02 में 99 प्रतिशत एवं बी.ए. भाग–03 में 100 प्रतिशत रहा है। भूगोल विषय में रूचि होने के कारण प्रतिवर्ष छात्राओं की संख्या में वृद्धि हुई है। भूगोल एक सामयिक विषय होने के कारण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्राएं सम्मिलित होकर विभिन्न क्षेत्रों में इनकी सहभागिता होती है। भूगोल विषय स्थानीय स्तर से लेकर विश्व स्तर पर विभिन्न जानकारियां प्राप्त करती है।

भूगोल विभाग के द्वारा प्रतिवर्ष छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु कराया जाता है। सत्र 2023–24 में छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द आश्रम नारायणपुर जहां पर विद्यार्थी अध्ययन करते हैं जिनकी शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेकर छात्राओं को अवगत कराया गया जो बहुत ही ज्ञान वर्धक एवं शिक्षा प्रदान रहा साथ ही चरें–मरे जलप्रपात जो नदियों के  प्रक्रियाओं के कठोर व मुलायम चट्टानों के बीच में इसका निर्माण होता है जिसे छात्राओं के द्वारा अवलोकन किया गया।

डॉ. डी.आर.चौधरी<br>
सहायक प्राध्यापक<br>
भूगोल विभाग<br>
शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या<br>
महाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)

# राजनीति विज्ञान विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन



डॉ. रोहिणी मरकाम



डॉ. जयश्री रणसिंह

शास.एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय धमतरी में स्नातक स्तर पर सत्र 1995 से राजनीति विज्ञान विषय की अध्यापन कार्य संचालित हो रहा है। सत्र 2021–22 से शासन स्तर पर स्नातकोत्तर की कक्षाएं संचालित हो रही है। इस सत्र–2024–25 में प्रवेश की स्थिति,

| | | |
|---|---|---|
| B.A. Ist sem | - | 93 |
| B.A. Part II | - | 92 |
| B.A. Part III | - | 59 |
| M.A. Ist sem | - | 20 |
| M.A. IIIrdsem | - | 13 छात्राओं ने प्रवेश लिया। |

परीक्षा परिणामः– सत्र 2023–24

B.A. I में 97%, B.A. II में 96%, B.A. III मे 99%, M.A. Ist sem 100% M.A. IIIrdsem 100% परीक्षा परिणाम रहा।

राजनीति विज्ञान विभाग के अन्तर्गत – शैक्षणोत्तर गतिविधियों के सफल संचालन हेतु राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया है। छात्राओं की सर्व सहमति से– वीणा–तृतीय सेमेस्टर अध्यक्ष, गीता साहू प्रथम सेमेस्टर–उपाध्यक्ष, अंजू साहू एम.ए. तृतीय सेमेस्टर सचिव एंव गीतांजली सह–सचिव एम.ए प्रथम सेमेस्टर से मनोनीत की गई।

राजनीति विज्ञान परिषद के तत्वाधान में निम्नलिखित कार्यक्रम सम्पादित किया गया है।

राजनीति विज्ञान विभागीय कार्यक्रम सत्र 2024–25.

- 1/10/24 – व्याख्यानमाला – गांधी जयंती के अवसर पर।
- 14/10/24 – प्रदर्शनी एवं प्रश्नमंच कार्यक्रम (गांधी जी के जीवन पर आधारित) अजीम प्रेमजी फाऊंडेशन के तत्वाधन में।
- 15/10/24 – विधिक जागरूकता शिविरः– शुरू मुख्य श्री क्रांति कुमार सिंह – सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी ।
- 22/10/24 – परियोजना कार्य वृध्दाश्रम रूद्री
- 23/10/24 अन्तर्राष्ट्रिय वृध्द जन दिवस मुख्य अतिथि श्री मदन खंडेलवाल, प्रो. आर के साहू, डॉ सतीश साहू, श्री सिया राम साहू सेवानिवृत्त व्याख्याता,

- 24/18/24– संयुक्त राष्ट्र संघ दिवस.
- 25/10/24 पं. नारायणराव मेघावाले जयंती मुख्यवक्ता – डॉ. सी. एस. चौबे, सेवावृत–प्राचार्य पी.जी–महाविद्यालय धमतरी, एवं डॉ. विजय प्रकाश जैन।
- 28/10/24– स्वास्थ्य जागरूकता शिविर
- 11/11/24– क्लास सेमीनार
- 22/11/24–रानी अहिल्या बाई होल्कर जयंती
- 23/11/24 कार्यशाला– महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण, निवारण तथा प्रतितोषण।
- 25/11/24–स्त्रीशक्ति दिवस विरांगना कार्यक्रम।
- 26/11/24–संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामुहिक वाचन किया गया।
- 26/11/24– कार्यशाला–विषय भारतीय संविधान का महत्व एवं परिचय।
- 27/11/24– बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर शपथ ग्रहण।

डॉ. रोहिणी मरकाम
सहायक प्राध्यापक
राजनीति विज्ञान विभाग
शासकीय नारायण राव मेघावाले
कन्यामहाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)

# समाजशास्त्र विभाग (वार्षिक प्रतिवेदन)
## भौक्षणिक सत्र 2024–25



डॉ. जे.एल.पाटले

**परिचय –**

महाविद्यालय में समाजशास्त्र विषय अध्यापन वर्ष 1995 से कुल 78 छात्राओं के साथ संचालित है। महाविद्यालय में वर्तमान में बी.ए. प्रथम सेमेस्टर, बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं बी.ए. तृतीय वर्ष में कुल 224 छात्राऐं अध्ययनरत् है। सत्र 2024–25 में स्नातक स्तर पर बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू किया गया ।

समाजशास्त्र के अध्ययन से विद्यार्थियों को समाज की सामाजिक संरचना, सामाजिक मूल्य एवं सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। साथ ही सामाजिक व्याधियों एवं उनके कारकों के बारे में जानकारी प्राप्त होती हैं। महाविद्यालयीन छात्राओं में अधिकतर छात्राऐं सामाजशास़्त्र विषय लेकर अध्ययन करना चाहती हैं जिससे समाजशास्त्र विषय के विद्यार्थियों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है।

वर्तमान सत्र 2024–25 में प्रवेषित छात्राओं की संख्या –

बी.ए. प्रथम सेमेस्टर – 90

बी.ए. द्वितीय वर्श – 81

बी.ए. तृतीय वर्श – 54

परीक्षा परिणाम 2023–24

बी.ए.भाग–तीन

| | |
|---|---|
| परीक्षा मे सम्मिलित छात्राएँ | 85 |
| उत्तीर्ण | 78 |
| अनुत्तीर्ण | 07 |
| उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिषत | 91.76 |

बी.ए.भाग–दो

| | |
|---|---|
| परीक्षा मे सम्मिलित छात्राएँ | 68 |
| उत्तीर्ण | 65 |
| अनुत्तीर्ण | 02 |
| उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिषत | 95.58 |

बी.ए.भाग–एक

| | |
|---|---|
| परीक्षा मे सम्मिलित छात्राएँ | 111 |
| उत्तीर्ण | 70 |
| अनुत्तीर्ण | 37 |
| उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिषत | 64.22 |

विभाग द्वारा किये गये कार्यक्रम–

वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता – 15 फरवरी 2025 को वॉल हैंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देष्य छात्राओं में रचनात्मक कौषल का विकास करना तथा स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना।

अन्तर्राश्ट्रीय महिला दिवस – दिनांक 07.03.2025 को अंतर्राश्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुर्सी दौड़, गुब्बारा फुलाओं आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई।

पुरस्कार – विभाग की अनेक छात्राओं ने विष्वविद्यालय परीक्षाओं, खेल गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृश्ट प्रदर्षन किया विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्राओं ने पुरस्कार भी प्राप्त किये।

डॉ. जे.एल.पाटले
सहा.प्राध्यापक
समाजशास्त्र विभाग
शासकीय नारायण राव मेघावाले
कन्यामहाविद्यालय धमतरी (छत्तीसगढ़)

# इतिहास वार्षिक प्रतिवेदन

सत्र 2024–25



सतीश कुमार साहू

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में स्नातक स्तर पर इतिहास विषय सत्र 2014–15 में जनभागीदारी मद में प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रथम वर्ष में 17 छात्राओं ने इतिहास विषय में प्रवेश लिया।

प्रस्तावना–

हमारे महाविद्यालय में इतिहास विभाग ने इस वर्ष विद्यार्थियों को ऐतिहासिक घटनाओं, महापुरूषों के योगदान और सांस्कृतिक धरोहर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने का कार्य किया। विभाग ने शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में विद्यार्थियों के इतिहास के प्रति रूचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त कक्षा लेकर प्रतियोगी परीक्षा एवं छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान की जानकारी प्रदान की गई।

वर्तमान सत्र 2024–25 में प्रवेशित छात्राएं –

प्रथम वर्ष – 95 (Including G.E.= 22)

द्वितीय वर्ष – (65)

तृतीय वर्ष– 25

परीक्षा परिणाम सत्र 2023–24

प्रथम वर्ष – 73.26 प्रतिशत

द्वितीय वर्ष 71.05 प्रतिशत

तृतीय वर्ष 100 प्रतिशत

भविष्य की योजनाएं–

ें अगामी सत्र में ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन।

विभागाध्यक्ष
सतीश कुमार साहू
जनभागीदारी शिक्षक इतिहास

# अर्थशास्त्र विभाग का वार्षिक प्रतिवेदन



श्रीमती दामिनी ठाकुर

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी का संचालन 1995 से निरंतर संचालित है जिसके साथ ही साथ अर्थशस्त्र विभाग का संचालन महाविद्यालय में हो रहा है। अर्थशस्त्र विभाग महाविद्यालय का एक प्रमुख शैक्षणिक विभाग है। जो विद्यार्थियों को आर्थिक सिद्धांतों, नीतियों एवं व्यवहारिक ज्ञान से सुसजित करता है। साथ ही वर्तमान में हो रही आर्थिक घटनाओं जैसे राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं से अवगत कराता है।

- सत्र 2004–05 में स्नातक स्तर पर बीए प्रथम सेमेस्टर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू किया गया।
- बीए प्रथम सेमेस्टर में 49 छात्राएं तथा जी.ई. में 64 छात्राएं अध्ययनरत हैं।
- बीए द्वितीय वर्ष में 28 तथा बीए तृतीय वर्ष में 22 छात्राएं अध्यनरत है।

परीक्षा परिणाम (सत्र 2023–24)

- बीए प्रथम वर्ष में परीक्षा परिणाम 50% रहा।
- बीए द्वितीय वर्ष में परीक्षा परिणाम 82.61% रहा।
- बीए तृतीय वर्ष में परीक्षा परिणाम 100% रहा।

व्याख्यान

28.01.2025 को स्त्री रोग सम्बन्धी विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गयाजिसमें छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

अन्य गतिविधियां

`दिनांक 25.1.2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान धमतरी में कलेक्टर नम्रता गांधी के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया जिसमें छात्राएं सम्मिलित हुई और मतदान के प्रति स्वयं एवम आमजनता को जागरूक किया।


श्रीमती दामिनी ठाकुर<br>
अर्थशास्त्र विभाग<br>
शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय<br>
धमतरी (छ.ग.)






Nukkad Natak



Faculty Exchange Program

# Department of Botany



ओ० पी० चन्दे

प्रारंभ – 2016 (स्वीकृत सीट–60)

– (वर्तमान में 80 सीट)

| सत्र 2024–25 | | स्वीकृत सीट | | प्रवेशित |
|---|---|---|---|---|
| B.sc. | I | - 80 | - | 79 |
| | II | - 80 | - | 51 |
| | III | - 80 | - | 19 |

<u>परीक्षा परिणाम विश्लेषण–(2023–24)</u>

| कक्षा | दर्ज | परीक्षा में उपस्थित | उत्तीर्ण | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| B.Sc.I | 80 | 77 | 60 | 77.92% |
| B.Sc.II | 14 | 14 | 14 | 100% |
| B.Sc.III | 58 | 58 | 56 | 96.55% |

<u>विभागीय गतिविधिया</u>

01- MOU अन्तर्गत वनस्पतिशास्त्र विभाग का शास. बी.सी.एस. स्नात्कोत्तर महावि. धमतरी के प्रयोग शाला (Lab Visit) **भ्रमण**–

दिनांक –22.10.2024

कुल छात्राएँ–100 (B.Sc.III)

02- परियोजना कार्य प्रदर्शन

दिनांक – 25.10.2024 एवं 26.10.2024

कक्षा – B.Sc.Ist सेमेस्टर

छात्र संख्या – 85

कर्यक्रम – छात्राओ को समूह वार परियोजना कार्य का च्च्ज बनाकर अवगत कराया गया ।

03- औषधीय पौधों पर अतिथि व्याख्यान –

